नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या 2699
गुरुवार, 16 मार्च, 2023 /25 फाल्गुन, 1944 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

मध्य प्रदेश में नया हवाई अड्डा

2699. श्रीमती हिमाद्री सिंह:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का मध्य प्रदेश में कोई नया हवाई अड्डा बनाने का विचार है

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार का शहडोल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में नया हवाई अड्डा बनाने का विचार है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

नागर विमानन मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

(क) से (घ): नागर विमानन मंत्रालय ने क्षेत्रीय हवाई संपर्कता को बढ़ाने और जन साधारण हेतु हवाई यात्रा को किफायती बनाने के लिए दिनांक 21.10.2016 को क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस) – उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) शुरू की है। 'उड़ान' एक बाजार संचालित योजना है। इच्छुक एयरलाइनें 'उड़ान' योजना के अंतर्गत आयोजित बोली प्रक्रिया के दौरान, मांग के अपने आकलन के आधार पर विशेष मार्गों पर अपने प्रस्ताव प्रस्तुत करती है।

ऐसे हवाईअड्डे जिन्हें क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस) – उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना के अंतर्गत अवॉर्ड किए गए मार्गों की सूची में सम्मिलित किया गया है एवं आरसीएस योजना के अंतर्गत परिचालन प्रारंभ करने हेतु जिनका उन्नयन/विकास अपेक्षित है, उन्हें "अपरिचालित एवं अल्पपरिचालित हवाईअड्डों का पुनरुत्थान" योजना के अंतर्गत विकसित किया जाता है। मध्यप्रदेश में 'उड़ान' फ्लाइटों के प्रचालन के लिए दतिया, ग्वालियर, पचमढ़ी और रीवा हवाईअड्डों की पहचान की गई है।

शहडोल हवाईअड्डा, मध्य प्रदेश, 'उड़ान' योजना दस्तावेज़ की अपरिचालित हवाईअड्डों की संभावित सूची में शामिल है। अब तक, किसी भी एयरलाइन ने शहडोल हवाईअड्डा, मध्यप्रदेश से 'उड़ान' फ्लाइटों के प्रचालन के लिए कोई प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया है। यदि कोई एयरलाइन 'उड़ान' के अंतर्गत भविष्य के दौर की बोली प्रक्रिया में शहडोल हवाईपट्टी, मध्यप्रदेश से फ्लाइटों के प्रचालन के लिए वैध बोली प्रस्तुत करती है, तो इस पर योजना दस्तावेज़ के अनुसार विचार किया जाएगा।

****